# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 291 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 28 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राजस्थान दौरे पर बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, टोंक में जिला कार्यालय का उद्घाटन





**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक ।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन सोमवार को राजस्थान के पहले दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने टोंक में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, धैर्य और लंबे संघर्ष की अहमियत पर जोर दिया।

दौरे के दौरान नितिन नवीन ने टोंक जिला कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही बूंदी, प्रतापगढ़, बाड़मेर, चूरू, डूंगरपुर और पाली जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जबकि जालोर जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपने संबोधन में नितिन नवीन ने कहा कि कार्यालय केवल ईंट और बालू से बना भवन नहीं होता, बल्कि यह संगठन के संकल्प और विचारों का केंद्र होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि राजनीति में शॉर्टकट से बचना चाहिए, क्योंकि राजनीति 100 मीटर की दौड़ नहीं बल्कि लंबी रेस है, जिसमें धैर्य और निरंतर मेहनत की जरूरत होती है।

उन्होंने अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे पहली बार 2006 में विधायक बने थे, तब पहली बार राजस्थान आए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लंबे संघर्ष के बाद यह मुकाम हासिल किया है और एक समय ऐसा भी था जब पार्टी के केवल दो सांसद थे और लोग मजाक उड़ाते थे, लेकिन आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।

इससे पहले नितिन नवीन सुबह करीब 11 बजे जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने उनका स्वागत किया।

## गहलोत का बड़ा बयानः 'सचिन पायलट की दोनों टांगें कांग्रेस में ही रहेंगी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राजस्थान में एक बार फिर पुराना 'मानेसर प्रकरण' चर्चा में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हालिया बयान ने न सिर्फ कांग्रेस के अंदर हलचल बढ़ा दी है, बल्कि सचिन पायलट को लेकर नए सियासी मायनों की अटकलें भी तेज कर दी हैं।

जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में अशोक गहलोत ने कहा कि सचिन पायलट की 'दोनों टांगें कांग्रेस में हैं और कांग्रेस में ही रहेंगी।' उन्होंने इशारों-इशारों में 2020 के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग पहले गुमराह होकर मानेसर गए थे, अब उन्हें उस गलती के परिणाम समझ आ चुके हैं। गहलोत ने भरोसा जताया कि अब पायलट पूरी तरह से संभल चुके हैं और भविष्य में पार्टी छोड़कर नहीं जाएंगे।

दरअसल, यह बयान उस समय आया जब बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने टोंक में सचिन पायलट पर तंज कसते हुए उन्हें 'बहुरूपिया' बताया था और कहा था कि उनकी एक टांग कांग्रेस में है, जबकि दूसरी कहीं और। इसी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए गहलोत ने पायलट के कांग्रेस में ही बने रहने की बात कही, जिससे सियासी बयानबाजी और तेज हो गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि गहलोत द्वारा एक बार फिर जुलाई 2020 में हुए मानेसर पॉलिटिकल क्राइसिस 2020 का उल्लेख करना महज संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरे राजनीतिक संकेत छिपे हैं। उस दौरान पायलट खेमे के विधायकों के बगावत कर मानेसर जाने से राज्य की राजनीति में बड़ा संकट खड़ा हो गया था।

गौरतलब है कि अगस्त 2020 में सुलह के बाद गहलोत ने 'फॉरगेट एंड फॉरगिव' की बात कही थी, लेकिन समय-समय पर वे मानेसर प्रकरण का जिक्र करते रहे हैं। वे लगातार बीजेपी पर सरकार गिराने की साजिश का आरोप भी लगाते रहे हैं और कहते हैं कि उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिशें नाकाम रही हैं।

अब एक बार फिर गहलोत के बयान से कांग्रेस के अंदरूनी समीकरणों पर चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक जानकार इसे पायलट खेमे पर परोक्ष दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर भी देख रहे हैं।

## वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, शातिर आरोपी गिरफ्तार

### 10 बाइक, 3 ऑटो और 2 कार बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर में बढ़ती वाहन चोरी की वारदातों पर लगाम लगाते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 10 बाइक, 3 ऑटो और 2 कार बरामद की हैं। मामले में पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोलू उर्फ रफ्तार (21) के रूप में हुई है, जो बारां जिले के कवाई थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में कोटा के मुकुंदरा विहार रोझड़ी इलाके में रह रहा था। आरोपी शहर और आसपास के इलाकों में सक्रिय होकर लंबे समय से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।



सिटी एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरोपी पहले सुनसान इलाकों में खड़े वाहनों की रैकी करता था और मौका मिलते ही चोरी कर फरार हो जाता था। वारदात को अंजाम देने में वह एक नाबालिग को भी साथ रखता था। चोरी के बाद आरोपी वाहनों को जंगल या सुनसान स्थानों पर छिपा देता था और इसके लिए ऑटो का इस्तेमाल करता था।

जांच में सामने आया कि कई मामलों में आरोपी चोरी किए गए वाहनों के पार्ट्स खोलकर बाजार में बेच देता था। 18 अप्रैल को आरकेपुरम थाना क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद नगर में एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी की घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

आरकेपुरम थाना प्रभारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध की पहचान की और 24 अप्रैल को एलजा बिल्डिंग के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कोटा, बूंदी, बारां और कोटा ग्रामीण क्षेत्र में कई वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर 28 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## युवक का अपहरण कर निर्वस्त्र कर मारपीट, वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### जयपुर से अपहरण कर आसींद लाकर की थी वारदात, पुलिस की विशेष टीम की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आसींद थाना पुलिस ने युवक का अपहरण कर उसके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए मारपीट करने और नग्न वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरेश कुमार साहू (36) निवासी गोविंदपुरा, थाना आसींद के रूप में हुई है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम गठित द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की बीती 21 अप्रैल को थाना आसींद में सीताराम तेली निवासी गोरा जी का निम्बाहेड़ा थाना कपासन हाल निवासी खिरनी फाटक, झोटवाड़ा जयपुर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि 3 अगस्त 2025 को वह ई-रिक्शा से सवारी लेकर एसएमएस अस्पताल जा रहा था, तभी परिचित व्यक्ति के बुलावे पर गेट नंबर-1 पर पहुंचा, जहां 6 लोग खड़े थे।

आरोप है कि आरोपियों ने बहाने से उसे अपनी गाड़ी में बैठाया और जबरन जयपुर से आसींद ले गए। वहां गांव के बाहर ले जाकर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, मोबाइल छीन लिया और पेड़ से बांध दिया। आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र कर अमानवीय यातनाएं दीं तथा पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। चाकू की नोक पर उससे जबरन बयान भी दिलवाए गए।

मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और लगातार तलाश के बाद मुख्य आरोपी सुरेश कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## म्युल हंटर' अभियान में सफलता, पुलिस ने पकड़े 2 साइबर ठग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

साइबर फ्रॉड गिरोह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हमीरगढ़ क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को संदिग्ध बैंक खातों के माध्यम से साइबर अपराधों में लिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ''म्युल हंटर'' अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर की।

पुलिस के अनुसार भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C-MHA) द्वारा संचालित पोर्टल एवं प्रतिबिंब पोर्टल पर चिन्हित हॉटस्पॉट जैसे संदिग्ध लोकेशन, एटीएम निकासी स्थान एवं बैंक शाखाओं का विश्लेषण किया गया। इस दौरान संदिग्ध म्युल अकाउंट्स की सूची में शामिल बैंक खाताधारकों का रिकॉर्ड खंगाला गया। जांच के दौरान संदिग्ध खाताधारकों से पूछताछ की गई, जिसमें उनके साइबर अपराधों में संलिप्त होने की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी विष्णु शर्मा और मुकेश शर्मा को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में विष्णु शर्मा (29) निवासी आमली पुरावतान थाना हमीरगढ़ एवं मुकेश शर्मा (45) निवासी आरके कॉलोनी थाना सुभाषनगर शामिल हैं। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर साइबर फ्रॉड नेटवर्क के अन्य सदस्यों की जानकारी जुटाने में लगी है। कार्रवाई में थाना हमीरगढ़ की टीम के सदस्य विकास यादव, विशम्बर दयाल, राहुल पायला एवं बलवीर की अहम भूमिका रही।

## अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

### नाकाबंदी के दौरान दबोचा, बाइक भी जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

माण्डल थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को पिस्टल व मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल भी जब्त कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया की 26 अप्रैल को उप निरीक्षक हेमेन्द्र सिंह मय जाप्ता गश्त के दौरान माण्डल चौराहे पर मौजूद थे। इसी दौरान डीएसटी भीलवाड़ा से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर रायला से भीलवाड़ा की ओर जा रहा है, जिसके पास अवैध पिस्टल हो सकती है।

सूचना पर पुलिस टीम ने भदाली खेड़ा के आगे गौरव पथ पर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक पुलिस को देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा, जिसे टीम ने तत्परता से घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोहिल खान पुत्र शफी खान पठान (19) निवासी निम्बाहेड़ा कलां, थाना बनेड़ा बताया।

तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पैंट की जेब में एक अवैध पिस्टल व मैगजीन बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही पिस्टल और मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियार के स्रोत और संभावित नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## भैरु घाटी के जंगल में भीषण आग, ग्रामीणों ने पाया काबू

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**

कस्बे में सोमवार दोपहर जित्या माफी रोड स्थित भैरु घाटी के जंगल में भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग पर पूरी तरह काबू पाए बिना ही लौट गई। इसके बाद ग्रामीणों ने मोर्चा संभालते हुए पानी के टैंकरों और कुओं की मोटरों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 5 बजे आग पर काबू पाया जा सका।



जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12:30 बजे अज्ञात कारणों से जंगल में आग लगी, जो सूखी झाड़ियों और पेड़-पौधों के कारण तेजी से फैलने लगी। प्रारंभ में ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के चलते सफलता नहीं मिल सकी। दमकल को सूचना देने के करीब दो घंटे बाद भीलवाड़ा से गाड़ी मौके पर पहुंची, परंतु आग पूरी तरह नहीं बुझ सकी और दमकल वापस लौट गई।

इसके बाद ग्रामीणों ने कुओं और नलकूपों की मोटरों से पानी लेकर तथा दो टैंकरों की मदद से लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया। आग से करीब 30 बीघा क्षेत्र प्रभावित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पेड़-पौधे, जनमनी की वनस्पति तथा कई छोटे वन्य जीव जलकर नष्ट हो गए।

घटना के दौरान बड़लियास पुलिस का जाप्ता मौके पर तैनात रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

# ग्रामीण विकास को मिलेगी रफ्तार, हर ग्राम पंचायत पहुंचेगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी

## जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 28 अप्रैल को होगा ग्राम रथ अभियान का आगाज़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु ग्राम रथ अभियान (एलईडी रथों) के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचाई जाएंगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा जिला प्रशासन एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रथ अभियान जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचेगा।

ग्राम रथ अभियान का शुभारंभ जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 28 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा एलईडी रथों को हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। रथों के व्यवस्थित संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे तथा विधानसभा-वार संबंधित उपखंड अधिकारी उस विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एलईडी रथों के अंतिम ठहराव स्थल पर प्रतिदिन संध्या चौपाल एवं कला जत्था कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय लोक कलाकारों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचना पर आधारित नाटकों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिल सके।

# निर्माणाधीन अस्पताल में देर रात आग, सभी मरीज सुरक्षित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित तिलक नगर में सोमवार देर रात एक निर्माणाधीन अस्पताल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पीछे बन रही नई बिल्डिंग में लगी, जहां उस समय इलेक्ट्रिकल वायरिंग का कार्य चल रहा था।

जानकारी के अनुसार, बिल्डिंग में तैनात गार्ड ने सबसे पहले आग की लपटें देखीं और तत्काल अस्पताल प्रबंधन को सूचना दी। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को तुरंत अन्य निजी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, आग अस्पताल के पिछले हिस्से में ही सीमित रही और मुख्य भवन तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी मरीज सुरक्षित हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शाहपुरा जिला चिकित्सालय को 'मुस्कान' क्वालिटी सर्टिफिकेशन

## 92.47% अंक के साथ जिले का पहला संस्थान बना, नवजात सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के शाहपुरा स्थित राजकीय जिला चिकित्सालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 'मुस्कान' क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है। राष्ट्रीय स्तर पर हुए बाह्य मूल्यांकन में अस्पताल को 92.47 प्रतिशत अंक मिले हैं, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन के तहत यह सफलता मिली है। केंद्र सरकार की निरीक्षण टीम ने 6 से 7 मार्च 2026 के बीच अस्पताल का विस्तृत मूल्यांकन किया, जिसमें नवजात शिशु देखभाल, एसएनसीयू, शिशु ओपीडी और शिशु वार्ड सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई।

मूल्यांकन के दौरान अस्पताल की 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, लैब जांच, एक्स-रे सुविधा, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता, मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं जांच, शिकायत निवारण प्रणाली, पारदर्शी पंजीकरण व डिस्चार्ज प्रक्रिया तथा रेफरल सिस्टम की सराहना की गई। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता, हाथ धोने के नियमों की पालना, बिजली-पानी की निरंतर आपूर्ति और अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं भी प्रमुख मानकों में शामिल रहीं।

इस उपलब्धि में एडीएम शाहपुरा प्रकाश चंद्र रेगर, संयुक्त निदेशक (अजमेर) संपत सिंह जोधा, सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक जैन एवं मुस्कान नोडल अधिकारी डॉ. अमित गुप्ता के नेतृत्व में स्टाफ को नियमित प्रशिक्षण देकर सभी एसओपी की पालना सुनिश्चित की गई।

अस्पताल की इस सफलता पर डॉ. बालकृष्ण जैन, अनिल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, गणराज मीणा, कैलाश गोठवाल, उत्सव सोमानी, सुभद्र मंजुल शर्मा सहित अन्य कार्मिकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# भीलवाड़ा में खाद-बीज विक्रेताओं का महाबंद, 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पंकज पोरवाल)।** ऑल इंडिया एग्रो डीलर्स एसोसिएशन तथा राजस्थान एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आज जिला कृषि आदान विक्रेता संस्थान, भीलवाड़ा द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल (महाबंद) का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी खाद-बीज विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम 12 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन जिला कलेक्टर, अतिरिक्त निदेशक (कृषि) तथा संयुक्त निदेशक (कृषि विस्तार), भीलवाड़ा के माध्यम से प्रेषित किया। हड़ताल के पूर्व दोपहर 3 बजे 'अग्रवाल बीज उद्योग' पर विक्रेताओं की एक आमसभा आयोजित की गई। सभा में विक्रेताओं ने अपनी लंबित मांगों और व्यावसायिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात, सभी विक्रेता एक रैली के रूप में कृषि विभाग कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। संस्थान के अध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सरकार द्वारा सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में आंदोलन को और अधिक तेज किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष नरेंद्र काबरा, राजेंद्र भाटी, कोषाध्यक्ष कौशल, मुजफ्फरनगर, शांतिलाल शर्मा, राम प्रकाश अग्रवाल, सौरभ, चेतन अग्रवाल सहित भीलवाड़ा जिले के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# 'स्वयंसिद्धा, नारी शक्ति अनंता' मैगजीन का भव्य विमोचन, महिला उद्यमियों को मिला प्रेरक मंच



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

लघु उद्योग भारती, भीलवाड़ा महिला इकाई द्वारा प्रकाशित विशेष मैगजीन 'स्वयंसिद्धा, नारी शक्ति अनंता' का भव्य विमोचन होटल ओलिवर में आयोजित समारोह में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों की प्रेरणादायक कहानियों को समाज के सामने लाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दामोदर अग्रवाल मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती, चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष महेश हुरकट ने की। मंच पर मुख्य इकाई अध्यक्ष शंभू प्रसाद काबरा, ग्रोथ सेंटर इकाई अध्यक्ष गिरीश काबरा, महिला इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढा, मैगजीन की संपादक डॉ. प्रियंका मेहता और सह-संपादक डॉ. नेहा सब्बरवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इस मैगजीन में 33 महिला उद्यमियों की प्रेरणास्पद जीवन यात्राओं का संकलन किया गया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। संपादक डॉ. प्रियंका मेहता ने कहा कि महिलाओं की सफलता की कहानियां समाज की अन्य महिलाओं के लिए सशक्त प्रेरणा बनती हैं।

मुख्य अतिथि सांसद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें लोकसभा, विधानसभा और प्रशासनिक सेवाओं में भी अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही 'विकसित भारत 2047' का सपना साकार होगा और यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम अध्यक्ष महेश हुरकट ने इसे लघु उद्योग भारती की महिला इकाइयों द्वारा देशभर में किया गया पहला प्रयास बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के समग्र विकास का मजबूत आधार है।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र जाजू, राजकुमार मैलाना, संजीव चिरानिया सहित प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिला उद्यमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रीना डाड ने किया।

भीलवाड़ा महिला इकाई का यह प्रयास न केवल सराहनीय रहा, बल्कि महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक कदम भी साबित हुआ।

# विवेकानंद शाखा की मासिक बैठक में हुआ मंथन, स्वस्थ जीवन के लिए योग और मुस्कान जरूरी



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भारत विकास परिषद विवेकानंद की इस वर्ष की पहली मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए गिरीश अग्रवाल ने बताया कि योग शिक्षक कलकीराम का उद्बोधन रहा। उन्होंने यह कहा की एक सेकंड मुस्कुरा करके फोटो खींचते हैं तो कितनी अच्छी आती है तो आप प्रातः कालीन मेला में यदि मुस्कुरा करके और लाफिंग और योग, प्राणायाम करेंगे तो आपका पूरा दिनभर स्वस्थ होना अनुकूल जाएगा। उन्होंने जीवन में ध्यान और प्राणायाम को बहुत महत्व दिया। स्वर हमारे हिसाब से चले और उसका संचालन हो यह बहुत बड़ी आवश्यकता है। आगामी 15 मई से बौद्धिक दिव्यांगों के लिए अभिरुचि में लगाया जा रहा है। जिसमें नेत्रहीन बालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें डांस व अन्य एक्टिविटीज होगी आशा काबरा इसे संचालित करेगी। इस प्रकार आगामी 17 जून से स्वामी गोविंद देव गिरी जो की राम मंदिर के अभी कोषाध्यक्ष है वह भीलवाड़ा आयेंगे उनके सानिध्य में 4 दिवसीय आवासीय शिविर लगने वाला है। जो बालकों के लिए रहेगा और बालिकाओं को दिन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रकार का आयोजन आगामी 17 जून से रहेगा। इस मौके पर बैठक में विनती तापड़िया, विभा जैन, नरेंद्र माहेश्वरी, सुमित जागेटिया, बालकिशन पारीक मौजूद थे। साप्ताहिक शिविर में 35 लोगों के शुगर और बीपी की जांच की गई। 44 लोगों को डायबिटीज की दवाई दी गई और नियमित रूप से योग क्लासेज में भाग लेने की बात कही। भवन पर नियमित रूप से फिजियोथेरेपी के लिए वर्षा काबरा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा वंदना अग्रवाल एवं सरोज पोद्दार कर रही है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

(पंकज पोरवाल)। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य सचिव एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद मीणा द्वारा पिछली बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे पर स्थित अवैध कट एवं अवैध स्पीड ब्रेकर हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में स्थित 65 शराब की दुकानों की सूची तैयार कर आबकारी विभाग के सहयोग से अवैध दुकानों को बंद करवाने के निर्देश प्रदान किए गए। शहरी क्षेत्र के 9 ब्लैक स्पॉट तथा राष्ट्रीय राजमार्गों के 23 ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य एवं भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक लाइट सुचारू रूप से संचालित रखने, जेब्रा क्रॉसिंग, लाइनिंग एवं चौराहों के सौंदर्यीकरण के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ट्रैफिक पार्क में छात्र-छात्राओं एवं आमजन को प्रशिक्षण देने तथा 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों द्वारा वाहन लाने पर चालान एवं अभिभावकों को समझाइश देने के निर्देश दिए गए। गुड सेमेरिटन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु व्यस्त चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाने तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। इस योजना के तहत सहायता करने वाले व्यक्तियों को 25,000 रुपये का प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। नो पार्किंग में वाहन खड़े करने, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, चालान, लाइसेंस निलंबन एवं नियमित पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए। खनिज क्षेत्र एवं अन्य मार्गों पर चलने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में यातायात पुलिस द्वारा हाइड्रोलिक क्रेन की मांग पर नगर विकास न्यास को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। शहर की सड़कों से निराश्रित पशुओं को हटाकर काइन हाउस में भेजने तथा अतिक्रमण हटाकर चौराहों के सौंदर्यीकरण के निर्देश भी दिए गए। क्षमता से अधिक भार परिवहन (ओवरलोडिंग), बिना हेलमेट वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा ओवरलोड वाहनों के प्रवेश का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

# बस स्टैंड पर 'अन्नपूर्णा रसोई' फिर शुरू, यात्रियों व श्रमिकों को राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**





राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत कस्बे के नवीन बस स्टैंड पर लंबे समय से बंद पड़ी अन्नपूर्णा रसोई सेवा एक बार फिर शुरू हो गई है। सेवा के पुनः संचालन से स्थानीय श्रमिकों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों में खुशी का माहौल है।

योजना के अनुसार अब बस स्टैंड पर सुबह और शाम के समय रियायती दरों पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह रसोई लंबे समय से बंद थी, जिसे समाजसेवी निर्मल मेहता के प्रयासों और प्रशासन की सक्रियता के बाद दोबारा शुरू किया गया।

बताया गया कि रसोई बंद होने की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे पुनः चालू कराया। साथ ही भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए रसोई के लिए स्थायी टीन शेड निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

इसके अलावा जिन जरूरतमंद लोगों के पास निर्धारित शुल्क चुकाने की क्षमता नहीं है, उन्हें मानव सेवा समिति के सहयोग से निशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

समाजसेवी निर्मल मेहता ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई के फिर से शुरू होने से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर के गरीब एवं श्रमिक वर्ग को भी कम कीमत पर भरपेट भोजन उपलब्ध हो सकेगा।



QUICK BITES

# गौ सम्मान आह्वान अभियानः विशाल संकीर्तन रैली में उमड़े हजारों गौ भक्त

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए प्रार्थना पत्र, झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।






'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सोमवार को शहर में भव्य एवं अनुशासित संकीर्तन पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें संत समाज, गौ सेवकों और हजारों की संख्या में महिला-पुरुष गौ भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में गौ माता व श्रीकृष्ण-बलराम की आकर्षक झांकियां विशेष केंद्र रही, जबकि कई प्रमुख गौ भक्त नंगे पांव पदयात्रा में शामिल हुए।

पदयात्रा से पूर्व राजेंद्र मार्ग विद्यालय ग्राउंड में आयोजित सभा में संतों-महंतों ने गौ संरक्षण और गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में संत श्री लाल जी महाराज ने सभी संतों, गौ भक्तों और सहयोगी संगठनों का आभार व्यक्त किया। विभिन्न संतों ने अपने उद्बोधन में गौ माता को संपूर्ण विश्व की माता बताते हुए इसके संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाने की बात कही। इस दौरान भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि गौ माता की सेवा भारतीय संस्कृति का मूल है और इसके संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत करोड़ों हस्ताक्षरों युक्त प्रार्थना पत्र सरकार तक पहुंचाए जा रहे हैं। परम् गौ भक्त सुनील जागेटिया ने भी अपने विचार रखते हुए अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की बात कही।

संकीर्तन पदयात्रा राजेंद्र मार्ग विद्यालय ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां संतों के सानिध्य में प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम संबोधित हजारों हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र जिला कलेक्टर को सौंपे।

प्रार्थना पत्र में देशभर में गोवंश की सुरक्षा और सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने, 'गौ सेवा मंत्रालय' की स्थापना, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गोवंश को संवैधानिक संरक्षण प्रदान करने जैसी प्रमुख मांगें रखी गई।

पदयात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और 'जय गौ माता, जय गोपाल' के उद्घोष के बीच गौ सेवक अनुशासित रूप से कतारबद्ध चलते रहे। वक्ताओं ने कहा कि गौवंश केवल आस्था ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सख्त कानून जरूरी है।

यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है और भीलवाड़ा में आयोजित यह पदयात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में शहर के अनेक सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में गौ भक्तों की भागीदारी रही।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कृषि आदान व्यापारियों की हड़ताल, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**मानव तिवाड़ी।** खाद-बीज विक्रेता संस्थान, ब्लॉक बिजौलिया के नेतृत्व में कृषि आदान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। देशव्यापी आह्वान पर 27 अप्रैल को व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल भी की।

व्यापारियों ने बताया कि एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (AIDA) के बैनर तले देशभर के करीब 5 लाख खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेता पिछले कई वर्षों से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बार केंद्र व राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने से व्यापारियों में रोष व्याप्त है।

ज्ञापन में उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, खाद की आपूर्ति सीधे डीलर के बिक्री केंद्र तक (FOR सप्लाई) सुनिश्चित करने तथा बढ़ती लागत को देखते हुए डीलर मार्जिन कम से कम 8 प्रतिशत करने की मांग की गई। इसके साथ ही ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए साथी पोर्टल को वैकल्पिक बनाने, एचटीबीटी बीज नीति पर स्पष्ट निर्णय लेने तथा सीलबंद पैकिंग में गुणवत्ता दोष मिलने पर विक्रेता को आरोपी के बजाय गवाह का दर्जा देने की मांग भी उठाई गई।

व्यापारियों ने एक्सपायर्ड कीटनाशकों को कंपनियों द्वारा अनिवार्य रूप से वापस लेने, नए बीज अधिनियम एवं कीटनाशक विधेयक 2025 में डीलरों के खिलाफ कठोर प्रावधानों में शिथिलता लाने, झूठी शिकायतों की जांच के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठन करने तथा लाइसेंस निलंबन के मामलों में 21 दिन में स्वतः बहाली का प्रावधान लागू करने की भी मांग रखी। इसके अलावा हर वर्ष कंपनी के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त करने और बीजों के लिए दोहरी लाइसेंस प्रणाली खत्म करने की बात भी कही गई।

अंत में व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगामी खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद करने को मजबूर होंगे, जिससे कृषि व्यवस्था प्रभावित होने के साथ किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय

शिवलाल धाकड़,आनंदीलाल धाकड़,राहुल जैन,नानालाल धाकड़,शुभम,एवं समस्त बिजोलिया ब्लॉक के खाद बीज विक्रेता सम्मिलित रहे ।

# गौमाता को राष्ट्रमाता की मांग को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत वीर तेजाजी महाराज गौशाला सेवा समिति जीवा का खेड़ा ने गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की पुरजोर मांग उठाई है । सोमवार को इस अभियान के तहत वीर तेजाजी महाराज गौशाला सेवा समिति जीवा का खेड़ा के तत्वावधान में बड़लियास नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि हम समस्त गौ भक्त गौरक्षा एवं इस ज्ञापन के माध्यम से आपका ध्यान गौमाता की दुर्दशा और उनके सम्मान की और आकर्षित करना चाहते है । जिसमे गौमाता केवल एक पशु ही नहीं बल्कि हमारे धर्मिक, आध्यात्मिक और आर्थिक जीवन का आधार है । सभी देवताओं का निवास इसमें माना है । गौमाता को राष्ट्रमाता का औपचारिक दर्जा प्रदान किया कि जाये । हर ग्राम पंचायत में गौशाला की स्थापना हो जहां बे सहारा गायों की सुरक्षा व चारे की सुचारू व्यवस्था हो । हर ग्राम पंचायत में गौशाला हेतु राज्य सरकार द्वारा जमीन का आवन्टन किया जाना चाहिये । इस दौरान प्रधान जाट, शोभा लाल जाट, बन्ना लाल जाट, सत्यनारायण गाडरी, शोभा लाल तेली, प्रभु तेली, मनोज जाट, शैतान जाट, सोनु जाट, नारायण जाट, बद्री जाट, रामकुमार जाट, दिनेश बलाई, देवबक्ष बलाई आदि कई मौजूद रहे ।।

# शाहपुरा में गौ सम्मान रैली, 'गौ माता को राष्ट्रमाता' घोषित करने की उठी मांग, एसडीएम को सौंपे 4 ज्ञापन






भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**

शाहपुरा शहर में सोमवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत भव्य रैली निकालकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महलों का चैक से शुरू हुई रैली त्रिमूर्ति स्मारक होते हुए ैकड कार्यालय पहुंची, जहां प्रदर्शन कर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गौभक्त, संत-महंत, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

रैली में शामिल लोग हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर चल रहे थे, जिन पर 'गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करो' और 'गौ संरक्षण हमारा धर्म' जैसे नारे लिखे हुए थे। पूरे मार्ग में गौ माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। रैली के ैकड कार्यालय पहुंचने पर प्रदर्शन किया गया और प्रशासन के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार तक अपनी मांग पहुंचाई गई।

इस अवसर पर शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और जिला प्रचारक रामेश्वरलाल धाकड़ के नेतृत्व में एसडीएम सुनील मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के चार सेट राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए हैं, जिनमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि देशभर में गौभक्तों और सनातन धर्मावलंबियों की यह भावनात्मक मांग है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। उन्होंने बताया कि वे इस विषय में प्रधानमंत्री को पत्र भी लिख चुके हैं और आगामी विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

जिला प्रचारक रामेश्वरलाल धाकड़ ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते गौ संरक्षण को लेकर ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

कार्यक्रम में विभिन्न मंदिरों के पुजारी, संत समाज, गौसेवा समितियों के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्र के सैकड़ों गौभक्त शामिल हुए। आयोजन के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया गया।

गौरतलब है कि देश के विभिन्न हिस्सों में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाए जाते रहे हैं।

शाहपुरा में आयोजित यह रैली भी उसी कड़ी का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और सरकार का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करना है।

# गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने की मांग, श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली विशाल रैली






भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर।** कस्बे में गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को गौ भक्तों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पैदल रैली निकालकर उपखंड कार्यालय पहुंचते हुए अपनी मांगों का उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूरे कस्बे में 'गौ माता सम्मान दिवस' भी मनाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा।

रोडवेज बस स्टैंड से शुरू हुई रैली बूंदी रोड होते हुए उपखंड कार्यालय तक पहुंची। रैली में सजीव झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। संतों और धर्माचार्यों की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक स्वरूप दिया। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में गौ माता के सम्मान में नारे लगाए और लोगों को जागरूक किया। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया, जिससे माहौल और भी भावुक हो उठा।

उपखंड अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ संरक्षण के लिए सख्त राष्ट्रीय कानून बनाने और गौ सेवा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने की मांग रखी गई। साथ ही गांव-गांव चलाए गए हस्ताक्षर अभियान की प्रतियां भी प्रशासन को सौंपी गई।

गौ भक्तों का कहना है कि गौ माता भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे में उनके संरक्षण और सम्मान के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाना समय की मांग है।

# गंगापुर में गौ सम्मान दिवस पर निकाली भव्य शोभायात्रा, सौंपा गया प्रार्थना पत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

संपूर्ण भारत में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति,मुख्यमंत्री राज्यपाल के नाम से प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता,गौ हितैषी कानून,गौ चारा निधि,के साथ गौवंश से जुड़ी कई प्रकार की
मांगे रखी गई। गौ सम्मान आह्वान अभियान सहाड़ा तहसील प्रभारी राजेश रांका ने कहा कि सहाड़ा तहसील के सभी गांवों से गौ भक्त यहां शोभा यात्रा में उपस्थित रहे। शोभा यात्रा पंचतीर्थ मंदिर बालाजी मंदिर से आलोक स्कूल के विद्यार्थी कृष्ण,बलराम की जीवंत झांकी व गौ नंदी के साथ हरिकीर्तन करते हुए नगर के नृसिंह चौक,भूत बावजी,बस स्टैंड होकर उपखंड कार्यालय पहुंची जहां नृसिंह द्वारा संत श्याम सुंदर दास महाराज , मटूनिया के संत शांतिदास महाराज माझावास नर्सिंग मंदिर के प्रेमदास महाराज कैलाशदास महाराज के साथजीवन्त झांकी बने कृष्ण, बलराम के हाथों से उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया दिया गया। शोभायात्रा के साथ सजी हुई गौ माता,बछड़े साथ-साथ चल रहे थे जो



आकर्षण का केंद्र रहे। गंगापुर में बाजार बंद रखकर सभी व्यापारी और गौभक्त
शोभायात्रा के साथ रहे ।शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया शिक्षा से उड़ान फाउंडेशन के संयोजक इन्साफ खान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने गौ भक्तों पर पुष्प वर्षा की ।गौ माता को जीने दो दूध की नदियां बहने दो ,गो हत्या बंद करो जैसे जयकारे लगाते हुए गौभक्त शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

# परिण्डों पर उकेरे रंगों से प्रकृति संरक्षण का संदेश, पेंटिंग प्रतियोगिता में 80 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

दीपिका आर्ट अकादमी, नवदीप एवं इन्टेक के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्रीनगर स्थित गैलेरी में अनूठी परिण्डे पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें करीब 80 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिण्डों पर आकर्षक कलाकृतियां बनाकर जल संरक्षण, पक्षी प्रेम और प्रकृति बचाने का संदेश दिया। गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ जीव-जंतुओं और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में नन्हें प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना के रंगों से परिण्डों को जीवंत बना दिया। किसी ने पक्षियों के चित्र उकेरे तो किसी ने प्रकृति, हरियाली और जल संरक्षण से जुड़े संदेशों को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुत किया।



**कला के माध्यम से दिया संवेदनशीलता का संदेश**

कार्यक्रम में आयोजक दीपिका पाराशर ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के साथ उन्हें सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ती हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में परिण्डे केवल मिट्टी के पात्र नहीं बल्कि पक्षियों के जीवन का सहारा बनते हैं, और जब बच्चे इन्हें सजाते हैं तो उनमें प्रकृति के प्रति अपनापन भी विकसित होता है। इन्टेक के बाबूलाल जाजू ने अपने संबोधन में भारतीय परंपरा में परिण्डों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पक्षियों के लिए जल पात्र रखना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है और बच्चों को इससे जोड़ना सराहनीय पहल

**प्रतिभागियों ने उकेरी शानदार कलाकृतियां**

प्रतियोगिता में तनू धोबी, भव्य शर्मा, मनीष कोली, अरिहा जैन, जया कोली, चन्नाया सराफ, श्रुति सोनी, गुंजन बहेडिया, एंजेल सोनी, अराध्या खटोड़, राधिका तोषनीवाल, आशिता काबरा, नव्या जैन, नित्या दरगड़, रुद्र सोनी, सोहम बाहरवानी, खुशी कंवर, भानुप्रताप सिंह पुरावत, निशा कंवर पुरावत, कृष्णा शर्मा, सानिया खान, सुरभि पारीक, चंचल पंवार, श्रेयांशी पंवार, चिराग प्रजापत, पार्थ नंदवानी, नवीक्षा श्रीवास्तव, समीक्षा श्रीवास्तव, स्वय समदानी, अन्वी तोषनीवाल, अनन्या सुरिया, विनती जैन, साज जैन, जिनी कुमावत, वियान अग्रवाल, तनवी कोली, रिद्धवि रांका, मेहर बहरवानी, रिया छापरवाल, प्राची छापरवाल, अंकिता बॉस, अरिंजय प्रकाश यादव, दीपाविता यादव, दिशा नठारवनी, मिराया शारदा, विदिशा तिवारी, धृति गर्ग, श्रवी शर्मा, कृष्णा रैगर, श्रुति माहेश्वरी, आराध्या माहेश्वरी, दिशना नाहटा, चैरिल नाहटा, आकांक्षा सेन, वेदिका सेन, पीहू तिवारी, युवरा तिवारी, अली खान, आलिया, शिवराज चौधरी, धनश्री सिंघल, दीपिका पवार, आध्याश्री मनोनीत, नव्या, अलकृता बॉस सहित अन्य बच्चों ने भाग लेकर आकर्षक कलाकृतियां बनाई।

**कला और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संगम**

प्रतियोगिता में बने परिण्डों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दया का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की। आयोजकों ने इसे कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों का सुंदर संगम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की बात कही।

# प्रशासनिक लापरवाहीः ट्रांसपोर्ट की कमी से खुले में सड़ रहा अन्न, किसानों में भारी रोष 48 घंटे से खरीद ठप, दीमक और धूप से खराब हो रहा अनाज; ग्रामीणों ने उठाई तत्काल समाधान की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन )**। क्षेत्र के बरूंदनी एवं गोपालपुरा खरीद केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क्) पर चल रही अनाज खरीद व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ट्रांसपोर्ट ठेकेदार की लापरवाही के चलते हजारों क्विंटल अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिससे उसके खराब होने का खतरा बढ़ गया है।
खरीद केंद्रों पर हालात यह हैं कि उठाव नहीं होने के कारण अनाज के कट्टों के नीचे दीमक लगने लगी है, वहीं तेज धूप और असुरक्षित भंडारण से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। पिछले दो दिनों से वाहनों की उपलब्धता नहीं होने के कारण खरीद कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है।
आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति और भी चिंताजनक है। 1100 से अधिक किसानों का पंजीकरण होने के बावजूद अब तक केवल 78 किसानों की ही उपज खरीदी जा सकी है। पिछले 48 घंटों से खरीद प्रक्रिया पूरी तरह बंद है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है।
एक ओर सरकार किसानों की आय बढ़ाने और सुचारू खरीद के दावे कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही



है। यदि जल्द ही परिवहन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।
मंडी में अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि खरीद प्रक्रिया फिर से शुरू हो सके। किसानों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।
भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर ने भी प्रशासन से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है। साथ ही ग्राम प्रशासक गजेंद्र साहू, शिव प्रकाश दरक, शैतान सिंह शक्तावत, शंकर खटीक, श्याम लाल चौधरी, बसंती सोनी व गांव के गणमान्य नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द ट्रांसपोर्ट की उचित व्यवस्था कर खरीद कार्य पुनः शुरू कराया जाए, ताकि किसानों को हो रहे नुकसान से बचाया जा सके।

# शाहपुरा विस क्षेत्र में विकास को लेकर बड़ी समीक्षा बैठक,हर गांव में श्मशान घाट बनाने के निर्देश जारी

## पानी-बिजली और सड़कों को लेकर विधायक बैरवा बोले-लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा-बनेड़ा के विकास कार्यों को तेज रफ्तार देने के लिए सोमवार को पंचायत समिति शाहपुरा के सभागार में महत्वपूर्ण और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने की। बैठक में उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, विकास अधिकारियों, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, जलदाय, चंबल परियोजना, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच और प्रशासक मौजूद रहे।
बैठक में क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। विधायक डॉ. बैरवा ने स्पष्ट कहा कि अब विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्य प्रणाली अपनाने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

**श्मशान घाट नहीं तो तुरंत बनेगा-प्राथमिकता तय**

बैठक का मुख्य फोकस उन गांवों पर रहा जहां आज भी श्मशान घाट की सुविधा उपलब्ध नहीं है। विधायक ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी ग्रामों की सूची तैयार कर तत्काल सर्वे किया जाए और प्राथमिकता





के आधार पर श्मशान घाटों का निर्माण शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सुविधा नहीं बल्कि मानव जीवन से जुड़ी संवेदनशील आवश्यकता है, जिसे हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए।

**श्मशान तक जाने वाले रास्तों पर भी कार्रवाई-**

श्मशान घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों की खराब हालत पर विधायक ने नाराजगी जताई। कई गांवों में लोगों को अंतिम संस्कार के समय कच्चे और दुर्गम रास्तों से गुजरना पड़ता है। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी ऐसे मार्गों का सर्वे कर शीघ्र मरम्मत, चैड़ीकरण और जहां जरूरत हो नए मार्गों का निर्माण कराया जाए।

**गर्मी में पानी बना बड़ी चुनौती, वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश-**

बैठक में पेयजल संकट को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। विधायक ने जलदाय विभाग को सख्त निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। जहां जल संकट गहरा है, वहां टैंकरों के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही नए हैंडपंप, ट्यूबवेल और जल स्रोत विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

**बिजली व्यवस्था सुधारने के निर्देश, ट्रांसफार्मर बदलने पर जोर-**

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। विधायक ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदलने, लाइन फॉल्ट को जल्द ठीक करने और विशेष रूप से श्मशान घाटों व सार्वजनिक स्थलों पर बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

**अधिकारियों को चेतावनी, काम में लापरवाही नहीं चलेगी**

विधायक डॉ. बैरवा ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और हर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। जरूरत पड़ने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई भी की जाएगी।

**प्रगति रिपोर्ट पेश, आगे की योजना तय**

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। आगामी कार्यों के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की गई और प्राथमिकताओं को चिन्हित किया गया।अंत में विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र को विकास के नए मुकाम तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

## QUICK BITES

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग, गौ भक्तों ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां**



**(प्रकाश तोषनीवाल)**। गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत क्षेत्र के गौ भक्तों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।
गौ भक्तों ने तहसीलदार रामदेव धाकड़ को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, पूरे भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने तथा गौ सेवा के लिए सख्त राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की।
इससे पूर्व गौ भक्तों ने फूलियाकलां कस्बे में रामद्वारा चौराहा से डीजे की धुन पर वाहन रैली निकाली, जो सदर बाजार और बस स्टैंड होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान गौ भक्त गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के समर्थन में नारेबाजी करते हुए चल रहे थे।

# चारभुजानाथ व तेजाजी महाराज की वर्षगांठ मनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**- क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में सोमवार को श्री चारभुजा नाथ व तेजाजी महाराज की वर्षगांठ मनाई गई । वही रात्रि में जागरण लगाया गया । पुजारी भंवर दास वैष्णव ने बताया कि सोमवार को चारभुजा नाथ व तेजाजी महाराज की 10 वर्षगांठ मनाई गई, इस दौरान ग्रामीण ने खीर-पूड़ी, हलवा-पूड़ी, चुरमा बांटी का भोग लगाकर भगवान से क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की । वही रविवार रात्रि को रात्रि जागरण लगाया, इस दौरान देवा लाल जाट, उदय लाल खर्नावा, देवबक्ष जाट, रामलाल भोपाजी, अम्बा लाल जाट, भैरु दगोलिया, शंकर जाजूदा, प्रभु जाट, हीरालाल जाट, सांवरमल वैष्णव, गोवर्धन जाट आदि कई मौजूद रहे ।।

# सम्मान आह्वान अभियानः सैकड़ों गौसेवकों ने सौंपा ज्ञापन, उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार ने लिया ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**





**परमेश्वर**

गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत क्षेत्र में सोमवार को सैकड़ों की तादाद में गौसेवक, साधु-संत, गौभक्त और आमजन एकत्रित होकर उपखंड मुख्यालय पहुंचे। गौमाता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।
कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे खारिया कुंड से भजन-कीर्तन व संकीर्तन यात्रा के साथ हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु जयकारों के साथ उपखंड कार्यालय पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।
उपखंड मुख्यालय पहुंचने पर ज्ञापन सौंपने के लिए उपखंड अधिकारी श्री कांत व्यास का इंतजार किया गया, लेकिन वे किसी प्रशासनिक कार्य के चलते बाहर गए हुए थे। इस कारण गौभक्तों को करीब तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। बाद में तहसीलदार संतोष सुनारीवाल ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन प्राप्त किया।
ज्ञापन में गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून लागू करने और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई।
इस दौरान क्षेत्र के कई प्रमुख साधु-संत, गौसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र है, इसलिए उसे राष्ट्र माता का सम्मान दिया जाना चाहिए।
कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, हालांकि उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण कुछ समय के लिए असंतोष भी देखने को मिला। आयोजकों ने प्रशासन से मांग की कि ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तर तक पहुंचाया जाए।

# पीएफए ने की गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग, सौपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



**(पंकज पोरवाल)**। पशु संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था पीपल फॉर एनिमल्स ने सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की। पीएफए के प्रदेश प्रभारी पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू ने बताया कि भारत में गौमाता का धार्मिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन समय से ही गौपूजा की परंपरा रही है, वहीं गौवंश करोड़ों किसानों और ग्रामीण परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार भी है। गौमाता से प्राप्त दूध, गोबर एवं गौमूत्र न केवल स्वास्थ्य और पोषण के लिए उपयोगी हैं, बल्कि जैविक खेती में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। पीएफए अध्यक्ष सुनील जागेटिया, पदाधिकारी नवरत्न बंब, गुमान सिंह पीपाड़ा, मुकेश अजमेरा, रामनिवास लड्डा व सुरेश सुराना सहित पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं, उचित देखभाल के अभाव में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। उन्होंने गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने के लिए केंद्र सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।